Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to construct underpasses and railway over bridges on level crossings between Mandhana and Makanpur in Misrikh Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh-laid.

श्री अशोक कुमार रावत (मिश्रिख): मेरे संसदीय क्षेत्र मिश्रिख (उ0प्र0) में मन्धना से मकनपुर के बीच मुख्यतः चौबेपुर, शिवराजपुर, बिल्हौर व अरौल रेलवे क्रॉसिंग आती है तथा इस क्षेत्र के किसान, जिनकी कृषि भूमि रेलवे क्रॉसिंग के दूसरी ओर पड़ती है, उन्हें अपनी खेती करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है तथा रेलवे क्रॉसिंग बंद किए जाने के दौरान ग्रामीणों को भी आवागमन में काफी असुविधा होती है ।

अतः स्थानीय किसानों एवं ग्रामीणों के हित में मन्धना से अरौल के बीच आने वाले लेबल क्रॉसिंग का सर्वे करवाकर उनके स्थान पर अंडरपास बनवाए जाने और साथ ही चौबेपुर, शिवराजपुर व बिल्हौर, अरौल व मकनपुर रेलवे स्टेशन, जो राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर स्थित है तथा यातायात के भारी दबाव की वजह से यातायात बुरी तरह से अवरुद्ध हो जाता है । वहां रेलवे क्रॉसिंग पर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण करवाए जाने की आवश्यकता है । इस संदर्भ में, मेरे द्वारा 27 अक्टूबर, 2021 में महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर को पत्र लिखकर अनुरोध भी किया गया है ।

मेरा माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि उपरोक्त संदर्भ में सकारात्मक कार्यवाही किए जाने हेतु आवश्यक पहल की जाए ।